ISO 9001:2008

iisr

# मसाला समाचार

अंक 28 खण्ड 3 जुलाई - सितम्बर 2017 (तिमाही)



भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान
मेरिकुन्नु पी. ओ. कोषिक्कोड, केरल, भारत

## विषय सूची



| | |
|---|---|
| अनुसंधान | 2 |
| पुरस्कार / सम्मान / मान्यताएं | 2 |
| प्रमुख घटनाएं | 3 |
| हिन्दी अनुभाग | 5 |
| तकनीकी स्थानान्तरण | 6 |
| कृषि विज्ञान केन्द्र | 7 |

## भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान में सार्क क्षेत्रीय विशेषज्ञ परामर्श बैठक

सार्क देशों में मसाला फसलों की तकनीकी सांझा पर क्षेत्रीय विशेषज्ञ परामर्श बैठक भाकृअनुप-भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान एवं सार्क कृषि केन्द्र, ढाका द्वारा संयुक्त रूप से दिनांक 11-13 सितम्बर 2017 को भाकृअनुप-भारतीय मसाला अनुसंधान संस्थान में आयोजित की गई। डा. पी. राजेन्द्रन, माननीय उप कुलपति, केरल कृषि विश्वविद्यालय ने इस समारोह का उद्घाटन किया। डा. प्रद्युम्न राज पांडे, वरिष्ठ कार्यक्रम विशेषज्ञ (फसल), सार्क कृषि केन्द्र (एस ए सी), ढाका ने बैठक की अवधारणा, उद्देश्य एवं लक्ष्य के बारे में विवरण दिया। डा. के. निर्मल बाबू, निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड ने सार्क सदस्यों के साथ ज्ञान बांटने के महत्व के बारे में बताया। श्रीमती गीता, प्रधान कृषि अधिकारी, कृषि विभाग, केरल सरकार ने तकनीकी प्रदर्शनी पैविलियन का उद्घाटन किया। तीन दिवस के इस बैठक में अफ्गानिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, भूटान, नेपाल तथा भारत के वैज्ञानिक एवं नीति पालकों ने भाग लिया जिसमें देशवार प्रस्तुतीकरण एवं दक्षिण एशिया में विकसित मसालों की मुल्य श्रृंखला के नीति एवं तकनीकी हस्तक्षेप पर विचार विमर्श सत्र भी थे।

चित्रः डा. पी. राजेन्द्रन, माननीय उप कुलपति, केरल कृषि विश्वविद्यालय समारोह का उद्घाटन करते हुये।







चित्रः सार्क क्षेत्रीय विशेषज्ञ परामर्श बैठक के प्रतिनिधि।

# अनुसंधान

### मीथाइलोबैक्टीरियम - अदरक के कवक रोगजनकों के प्रति जैवनियन्त्रण क्षमता वाली एक नवीन पी जी पी आर

गुलाबी रंगद्रव्य वाले ऐच्छिक मीथाइलोट्रोपिक (पी पी एफ एम) जीवाणु, मीथाइलोबैक्टीरियम स्पीसीस को अदरक फाइलोस्फियर से वियुक्त किया गया तथा उसका अदरक रोगजनक जैसे पाइथियम, स्क्लेरोटियम, कोलेटोट्राइकम, फ्यूसेरियम तथा मेक्रोफोमिना के प्रति शत्रुतापूर्ण गतिविधियों के लिए जांच की गयी। मूल्यांकन किये साठ मीथाइलोबैक्टीरिया वियुक्तियों के बीच तीन वियुक्तियों की जांच की गयी जिसमें सभी रोगजनकों पर 75% प्रतिरोधकता अंकित की गयी। इन सब में हाइड्रोलिक एन्ज़ाइम जैसे फोस्फाटेस तथा काइटिनेस का उत्पादन देखा गया।



ए) मीथाइलोबैक्टीरियम कोलनीस तथा बी) मीथाइलोबैक्टीरियम स्पीसीस का फोस्फोटेस क्षमता

### पादप वृद्धि के लिए वैनिला से संबन्धित एन्डोफाइटिक जीवाणुओं की छान बीन


साइडरोफोर क्षमता दिखाने वाली वी आर ई एन 1वियुक्ती

पादप वृद्धि बढाने के लिए वैनिला से चालीस एन्डोफाइटिक जीवाणुओं का अध्ययन किया गया। इन वियुक्तियों में वी आर ई एन 1 ने इन विट्रो में *फ्यूसेरियम* स्पीसीस के प्रति अधिकतम साइडरोफोर क्षमता तथा एन्टागोनिस्टिक क्षमता अंकित की।

### काली मिर्च के "ट्राइकोरहिसोस्फियर"

काली मिर्च खेती में, *ट्राइकोडेरमा हरज़ियानम* एम टी सी सी 5179 का प्रोबायोटिक प्रयोग करने पर इल्लूमिना हाई एस ई क्यु अनुक्रमण प्लेटफोर्म द्वारा संपूर्ण जीनोम राइसोस्फियर मृदा मेटाजीनोमिक्स को स्पष्ट किया गया। *टी. हरज़ियानम* के साथ उपचार करने के फलस्वरूप काली मिर्च में अधिक जनसंख्या तथा राइसोस्फियर माइक्रोबायोम का अधिक कार्य यह सुझाव देता है कि माइकोरहिसोस्फियर के रूप में अन्य सूक्ष्म-पारिस्थितिकीय नीके-"ट्राइकोरहिसोस्फियर" भी जीवाणु एवं मृदा कवकों के दल की गतिशीलता के परिवर्तन के लिए उपस्थित रहते हैं।

### काली मिर्च में *फाइटोफ्थोरा* के लिए होस्ट जीन प्रकार विशिष्ट आर जीनस

*फाइटोफ्थोरा* के लिए काली मिर्च में जीन प्रकार विशिष्ट आर जीन आधारित प्रतिरोधकता का अध्ययन किया गया। पाइपर आर जीन लोसी जैसे, PnCNBS 1, 3 तथा 4 को प्रतिरोधकता से संबन्धित देखा गया जबकि, लोसी PnCNBS 5 तथा PnCNBS 2 को सुग्राह्य जीन के रूप में देखा गया। यह आर जीन मोलीक्यूलार मार्कर्स के साथ अटूट संबन्ध स्थापित करने का महुमूल्य स्रोत हो जाएगा तथा *फाइटोफ्थोरा* खुर गलन के लिए प्रतिरोधक प्रजातियों को विकसित करने के लिए नवीन जीन संपादन का प्लाटफोर्म हो जाएगा।

## पुरस्कार / सम्मान / मान्यताएं

**शशिकुमार बी.**

डा. बी. शशिकुमार ने कृषि पत्रकारिता के लिए "कर्षक भारती" पुरस्कार श्री. वी. एस. सुनिल कुमार, माननीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री,केरल सरकार से ग्रहण किया।



**आंकेगौडा एस. जे.**

सदस्य, डी ए एस डी द्वारा वर्ष 2017 में करनाटक में मसाला नर्सरियों का प्रत्यायन।

मोडरेटर, भाकृअनुप -भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान में सार्क बैठक।

**बिजु सी. एन.**


कृषि विभाग, कोषिक्कोड, केरल के लिए 8 सितम्बर 2017 में पेस्ट स्काउट्स एवं जिला पादप स्वास्थ्य प्रबन्धकों के चयन हेतु कृषि विशेषज्ञ।

**ईश्वर भट्ट ए.**

आई सी ए आर -डी एफ आर, पुणे में 18 अगस्त 2017 को वैज्ञानिकों के लिए सी ए एस के अन्तर्गत डी पी सी में विषय विशेषज्ञ।

पादप रोग विज्ञान विभाग, केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिश्शूर में 15 सितम्बर 2017 को आयोजित एम. एससी (कृषि) छात्रों के अंतिम मौखिकी का बाह्य परीक्षक।

**जयश्री ई.**


फार्म मशीनरी का उन्नयन एवं अनुसंधान के लिए 16 जुलाई 2017 को एन ए एस सी कोम्प्लक्स, नई दिल्ली में आयोजित आई सी ए आर - स्थापना दिवस समारोह में एन ए एस आई -आई सी ए आर पुरस्कार।

सादस्य, खाद्य एवं कृषि संसाधन अभियांत्रिकी में सुश्री संकल्पा, के सी ए ई तथा टी , के ए यु तवनूर की अंतिम पी एच. डी. मौखिकी परीक्षा।

**प्रसन्नकुमारी एन.**

राजभाषा सेवी सम्मान-भाषा समन्वय वेदी द्वारा प्रोविडन्स महिला कालेज, मलापरंपा में 21 सितम्बर 2017 को सम्मानित किया।

**सुशीला भाय आर.**

समीक्षक, यूरोपियन जर्नल ओफ प्लान्ट पैथोलोजी।

## सिम्पोसिया/संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन/बैठकों में भागीदारी

**सभी वैज्ञानिक**

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम, भाकृअनुप-भारतीय मसाला



फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड, 25 अगस्त 2017.

क्षेत्रीय विशेषज्ञ परामर्श बैठक-सार्क राष्ट्रों में मसाला फसलों के प्रौद्योगिकी साझाकरण, भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड, 11-12 सितम्बर 2017.

**आंकेगौडा एस. जे.**

एम जी एम जी कार्यक्रम, नाकुर, सुन्टिकोपा, 10 अगस्त 2017.

एग्रि टेक इंडिया 2017, बंगलूरू अन्तर्राष्ट्रीय प्रदर्शन केन्द्र, बैंगलूरू, 28-30 अगस्त 2017.

टाटा कोफी , पोल्ली बेटा, कोडगु अनुसंधान एवं विकास दिवस, 31 अगस्त 2017.

**बिजु सी. एन.**

मासिक तकनीकी सलाह बैठक, परियोजना निदेशालय, ए टी एम ए , कल्पेटा, वयनाडु, 24 अगस्त 2017.

**दीप्ती ए. तथा प्रदीप बी.**

कटहल का उत्पादन, मूल्य वर्धन एवं विपणन पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला, अम्बलवयल, वयनाडु , 9-14 अगस्त 2017.

**जयराजन के.**

भारत में कृषि ज्ञान प्रबन्धन के लिए एक रोडमैप विकसित करने पर राष्ट्रीय कार्यशाला, एन ए एस सी कोम्प्लक्स, नई दिल्ली, 27-28 सितम्बर 2017.

**जयश्री ई.**

कृषि उत्पादन आयुक्त के कार्य समिति की बैठक, सचिवालय, तिरुवनन्तपुरम, 17 अगस्त 2017.

**जोण ज़करिया टी.**

काली, सफेद तथा हरी काली मिर्च, जीरा तथा थाइम के कोडक्स स्टान्डेर्ड के अंगीकरण के संबन्ध में संक्षेपण के लिए कोडक्स एलिमेन्टेरियस कमीशन, बोलगट्टी पैलस होटल, कोचि द्वारा आयोजित बैठक , 2 अगस्त 2017.

**कण्डियाण्णन के.**

उपासी - टी आर एफ का चौबीसवीं नीलगिरि-वयनाडु प्लान्टेर्स एसोशियेशन एरिया सायन्टिफिक सम्मेलन , गूडलूर, तमिलनाडु, 23 सितम्बर 2017.

**कण्डियाण्णन के. तथा शशिकुमार बी.**

भाकृअनुप-भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान, बैंगलूरू की स्वर्ण जयन्ती समारोह के सन्दर्भ में होर्टिकल्वर प्रयोरिटीस एण्ड एमरजिंग ट्रेन्ड्स पर आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सिम्पोसिया, 4-8 सितम्बर 2017.

**मोहम्मद फैसल पीरान**

बागवानी कालेज, बैंगलूरू में एमर्जिंग ट्रेन्ड्स इन प्लान्ट हेल्थ मैनेजमेंट इन रिलेशन टु क्लाइमट चेंज पर राष्ट्रीय सम्मेलन, 12-13 सितम्बर 2017.

**निर्मल बाबू के.**

क्रोप स्टेन्डेर्ड्स, नोटिफिकेशन एण्ड रिलीज़ ओफ वराइटीस फोर बागवानी फसल पर केन्द्रीय उप समिति की पच्चीसवीं बैठक, उदयपुर, 30 जून से 1 जुलाई 2017.

श्री. छबिलेन्द्र राउल, अतिरिक्त सचिव (डेयर) एवं सचिव, (आई सी ए आर) का अप्पंगला, मडिकेरी भ्रमण के सन्दर्भ में बैठक, 03-05 जुलाई 2017.

आई सी ए आर स्थापना दिवस एवं पुरस्कार वितरण समारोह 2017 तथा निदेशकों का सम्मेलन, नई दिल्ली, 16 जुलाई 2017.

हल्दी के वैल्यु चेन स्टडी पर बैठक, हैदराबाद, 06-08 सितम्बर 2017.

क्रोप स्टेन्डेर्ड्स, नोटिफिकेशन एण्ड रिलीज़ ओफ वराइटीस फोर बागवानी फसल पर केन्द्रीय उप समिति की पच्चीसवीं बैठक, नई दिल्ली, 17-20 सितम्बर 2017.

**प्रसन्नकुमारी एन.**

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की उप समिति की बैठक, भारतीय स्टैट बैंक, कोषिक्कोड, 24 अगस्त 2017.

**प्रवीणा आर.**

ए टी एम ए मासिक बैठक, भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड, 27 सितम्बर 2017.वैज्ञानिक-किसान इंटरफेस कार्यक्रम, कुट्टियाडी, 27 सितम्बर 2017

**राथा कृष्णन पी.**

हरित केरलम, बीजपौधा उत्पादन के लिए एम एन आर ई जी कार्यक्रम, ब्लोक पंचायत, कोषिक्कोड, 21 जुलाई 2017.

किसान संगठनः स्थिति एवं संभावनाएं पर राष्ट्रीय परामर्श, बैंगलूरू, 25-26 जुलाई 2017.

कृषि विज्ञान केन्द्र मध्य अवधि की समीक्षा (अंचल) केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिश्शूर, 4 अगस्त 2017.

## आकाशवाणी

**मनोज पी. एस.**

घरेलू बागों में बुश पेप्पर, आकाशवाणी, कोषिक्कोड, 19 सितम्बर 2017.

## विस्तार कार्यक्रम

**आंकेगौडा एस. जे.**

पाचलूर पट्टिवीरनपाटी (तमिलनाडु) में काली मिर्च तथा इलायची बाग, मसाला पार्क, ई-नीलाम केन्द्र, इलायची काली मिर्च संसाधन इकाई एवं स्टरिलाइसेशन इकाई, पुट्टडी तथा तेक्कन फार्म, कंचियार, इडुक्कि (केरल) में भ्रमण, 24-28 सितम्बर 2017.

**बिजु सी. एन.**

पौधशाला में काली मिर्च के स्वास्थ्य की जांच करने तथा तकनीकी सलाह देने के लिए जिला कृषि फार्म, कूताली, कोषिक्कोड का भ्रमण, 6 जुलाई 2017.

## प्रमुख घटनाएं

**संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम**

संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम - डिटरमिनेशन टु अटेयिनमेन्ट कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, कोषिक्कोड द्वारा भाकृअनुप -भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान में दिनांक 25 अगस्त 2017 को आयोजित किया। श्री. एम. के. राघवन, माननीय संसद सदस्य, कोषिक्कोड ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया जिसमें 500 भागीदारों ने भाग लिया। इस अवसर पर





किसानों की भलाई के लिए केन्द्रीय सरकार के उद्‌गम पर एक वीडियो प्रलेखन को दिखाया गया। राष्ट्र का द्रुत विकास एवं प्रगति को सुनिश्चित करने के लिए सुग्राह्य, वैज्ञानिक एवं सामाजिक वांछनीय पद्धतियों के अंगीकरण के लिए किसानों ने शपथ ली। श्री. बाबू पारश्शेरी, जिला पंचायत प्रसिडेन्ट तथा श्री प्रदीप कुमार, राज्य सभा सदस्य, कोषिक्कोड नोर्थ ने सभा को संबोधित किया। डा. बी. शशिकुमार, अध्यक्ष, फसल सुधार एवं जैवप्रौद्योगिकी प्रभाग ने सफल कृषि नमूने तथा कृषि उत्पादक का प्रस्तुतीकरण किया तथा डा. टी. ई. षीजा ने कृषि एवं सबन्धित तकनीकियों के वाणिज्यीकरण की आर्थिक संभावनाओं पर प्रकाश डाला। भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित तकनीकी देन तथा स्वयं सहायक संघ के मूल्य वर्धित उपजों पर प्रदर्शनी भी प्रस्तुत की गई।




श्री. एम. के. राघवन, संसद सदस्य भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते हुए।

## आई सी ए आर-आई आई एस आर में स्वच्छता ही सेवा

भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड में 15 सितंबर से 2 अक्तूबर 2017 की अवधि में स्वच्छता ही सेवा - 2017 पखवाडा का निरीक्षण किया। आई सी ए आर-आई आई एस आर, मुख्यालय में डा. के. निर्मल बाबू, निदेशक ने पखवाडे का उद्‌घाटन किया। इस संदर्भ में स्वच्छता का शपथ ग्रहण किया। डा. सी. के. तंकमणि, नोडल अधिकारी ने पखवाडे के संदर्भ में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम का संक्षेप में विवरण दिया । आई सी ए आर-आई आई एस आर प्रायोगिक प्रक्षेत्र, आई सी ए आर कृषि विज्ञान केन्द्र, पेरुवण्णामुषि तथा आई सी ए आर- आई आई एस आर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला में संबन्धित कार्यालयाध्यक्षों ने स्टाफ सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण किया। स्वच्छता तथा मच्छर उन्मूलन के लिए एक अभिज्ञान कार्यक्रम आयोजित किया। विशिष्ट कार्यक्रम के भाग के रूप में 17 सितम्बर 2017 को सेवा दिवस मनाया। श्रमदान के भाग के रूप में पन्निकोट्टूर हरिजन कालोनी, कोषिक्कोड के निवासियों के लिए एक शौचालय स्थापित किया गया। दिनांक 25 सितंबर 2017 को सर्वत्र स्वच्छता (सार्वजनिक जगहों की सफाई) आयोजित की गयी जिसके लिए 1 अक्तूबर 2017 को कोषिक्कोड बीच में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। आई सी ए आऱ-आई आई एस आर कृषि विज्ञान केन्द्र तथा प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि के स्टाफ सदस्यों ने वन्य जीव पुनरधिवास केन्द्र, पेरुवण्णामुषि तथा पेरुवण्णामुषि डाम के पासवाले बागों में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया। स्वच्छता ही सेवा 2017 का समापन समारोह 2 अक्तूबर 2017 को संपन्न हुआ। श्री दिलीपकुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक, कोषिक्कोड निगम की उपस्थिति से समारोह की शोभा बढी। स्वच्छ एवं हरे वातावरण के सन्देश को फैलाने के साथ जायफल, दालचीनी तथा एवन्यु पेडों का रोपण कार्यक्रम भी रखा गया। संस्थान के स्वैच्छिकों के योगदान से सरकारी मानसिक स्वास्थ्य केन्द्र, कुतिरवट्टम में एक स्वच्छता कार्यक्रम किया गया। "स्वच्छ भारत - नई खोज के माध्यम से अन्तराल को भरना" तथा "हमारे कैंपस को कैसे स्वच्छ बना सकते हैं" विषय पर क्रमशः आई सी ए आर-आई आई एस आर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला तथा मुख्यालय में अंग्रेज़ी तथा स्थानीय भाषा में प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी।




स्वच्छता ही सेवा -2017 के विभिन्न कार्यक्रमों की झलकियां

## संस्थान तकनीकी प्रबन्धन इकाई

आई टी एम-बी पी डी इकाई ने खाद, उर्वरक, जैव कारक का परीक्षण एवं परामर्श हेतु खेत भ्रमण द्वारा 2.65 लाख रुपए अर्जित किये। पांच उद्यमियों को काली मिर्च एवं इलायची के सूक्ष्मपोषण तकनीकियों के आठ विशिष्टेतर लाइसेंसिंग देकर 17 लाख रुपए प्राप्त किये। बी पी डी कार्यक्रम के भाग के रूप में बायोपार्क, त्रिश्शूर तथा कोषिक्कोड द्वारा मसाला आधारित व्यवसाय की संभावनाएं तथा वाणिज्यिक अवसर के बारे में आयोजित कार्यक्रम में संस्थान के वैज्ञानिकों ने भाग लिया तथा व्याख्यान भी दिये। आई टी एम-बी पी डी इकाई ने " सार्क राष्ट्रों में मसाला फसलों के तकनीकी साझाकरण" पर क्षेत्रीय विशेषज्ञ परामर्श बैठक के प्रतिनिधियों तथा औद्योगिक भागीदारों के लिए तकनीकी प्रदर्शन हेतु एक प्रदर्शनी 11-13 सितम्बर 2017 को आई सी ए आर-आई आई एस आर, कोषिक्कोड में आयोजित की गयी। उद्यमशीलता पर एक अन्य प्रदर्शनी एवं व्याख्यान 25 अगस्त 2017 को संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के संदर्भ में आयोजित किया। सुश्री तबीरा, नेचुरा नर्सरी, कोषिक्कोड को काली मिर्च प्रजाति आई आई एस आर थेवम के लिए विशिष्टेतर लाइसेंस ज़ारी किये।

### मानव संसाधन विकास

दिनांक 5 अप्रैल 2017 को पीएच.डी समीक्षा बैठक संपन्न हुई। पीएच.डी उम्मीदवारों के चयन हेतु दिनांक 14 अगस्त 2017 को प्रोविडन्स महिला कालेज, मलापरंपा के साथ अकादमिक इंटरैक्शन के लिए एक मेमोरान्डम ओफ अण्डरस्टान्डिंग में (एम ओ यु) हस्ताक्षर किये गये।



## हिन्दी अनुभाग

### हिन्दी कार्यशाला

संस्थान के स्टाफ सदस्यों को हिन्दी टंकण के बारे में अवगत कराने के लिए 15 सितम्बर 2017 को एक हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गयी।

### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

प्रस्तुत अवधि में दिनांक 25 सितम्बर 2017 को डा. बी. शशिकुमार, प्रभागाध्यक्ष, भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न हुई।

### प्रकाशन

प्रस्तुत अवधि में हिन्दी सेल द्वारा मसाला समाचार जनवरी-मार्च 2017, अनुसंधान के मुख्य अंश तथा राजभाषा पत्रिका मसालों की महक का प्रकाशन किया गया।

### हिन्दी सप्ताह समारोह 2017

संस्थान में 14 - 20 सितम्बर 2017 को विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे अनुशीर्षक लेखन, शब्द निर्माण, हिन्दी प्रश्नोत्तरी, टिप्पणी एवं मसौदा लेखन, सुलेख, हिन्दी गीत, पिक एण्ड स्पीक, मोक प्रेस के साथ हनिदी सपताह मनाये गये। दिनांक 20 सितम्बर 2017 को संपन्न हुये समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा. आर. सुरेन्द्रन (आरसु), पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, कालिकट विश्वविद्यालय ने संस्थान की राजभाषा पत्रिका मसालों की महक के छठवें अंक का विमोचन किया।




### मनोरंजन क्लब-सरणी

संस्थान के मनोरंजन क्लब सरणी ने 28 अगस्त 2017 को वार्षिक क्लब दिवस एवं ओणम 2017 समारोह मनाये। इस अवसर पर पूकलम, मज़ेदार खेल, कुकरी प्रतियोगिता, खेल कूद प्रतियोगिता, टग ओफ वार आयोजित किये जिसके बाद ओणसद्या, एवं सरणी सदस्यों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी थे। डा. के. निर्मल बाबू, निदेशक, भाकृअनुप -भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान एवं अध्यक्ष, सरणी कार्यक्रम के अध्यक्ष थे तथा समारोह के मुख्य अतिथि श्री. विजयन मन्नोत, सेवा निवृत्त जे ई (ए आई आर) थे। इस अवसर पर वर्ष 2016-17 में सी बी एस ई तथा स्टेट बोर्ड एस एस एल सी परीक्षा में उन्नत अंक अर्जित किये आई सी ए आऱ-आई आई एस आऱ स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए मेरिट अवार्ड का वितरण किये गये। वर्ष 2017 में भाकृअनुप -भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान के श्रेष्ठ शोध छात्र के लिए स्थापित डा. अल्वार मेमोरियल पुरस्कार डा. टी. ई. षीजा, प्रधान वैज्ञानिक, आई सी ए आर-आई आई एस आर के शोध छात्र सुश्री दीपा के., को सम्मानित किया गया।



ओणम समारोह की झलक

जुलाई - सितम्बर 2017

# प्रमुख आगन्तुक

### श्री. छबिलेन्द्र राउल, अतिरिक्त सचिव (डेयर) एवं सचिव (आई सी ए आर) का 4 जुलाई 2017 को आई आई एस आर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला, मडिकेरी में भ्रमण

श्री. छबिलेन्द्र राउल, अतिरिक्त सचिव (डेयर) एवं सचिव (आई सी ए आर) ने 4 जुलाई 2017 को आई आई एस आर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला, मडिकेरी में भ्रमण किया। खेत भ्रमण एवं संस्थान द्वारा विकसित तकनीकियों की उपलब्धियों एवं सफल कहानियों को दिखाने वाली प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। इस अवसर पर श्री. राउल जी द्वारा जायफल प्रजाति, आई आई एस आर केरलश्री का रोपण समारोह भी संपन्न हुआ। डा. के. निर्मल बाबू, निदेशक, आई सी ए आर-आई आई एस आर तथा डा. एस. जे. आंकेगौडा ने कार्यविधियों एवं उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण दिया।



आई सी ए आर-आई आई एस आर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला में श्री. छबिलेन्द्र राउल का भ्रमण

# तकनीकी स्थानान्तरण

### कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र

कृषि तकनीकी सूचना केन्द्र से कोषिक्कोड जिले से 274, केरल के अन्य जिलों से 119 तथा केरल के बाहर से 90 किसानों ने परामर्श सेवाएं अर्जित कीं। एक स्कूल तथा नौ कालेजों से कुल 277 छात्रों ने संस्थान में अध्ययनार्थ दौरा किया। प्रस्तुत अवधि में तकनीकी देन जैसे रोपण सामग्रियां, सूक्ष्मपोषण मिश्रण, जैव नियन्त्रण कारक, फार्म उपज तथा निदान एवं परीक्षण सेवाओं से कुल 7,33,384 रुपए अर्जित किए। प्रायोजित एक्स्पोशर भ्रमण कार्यक्रम में सात दलों ने भाग लिया। विस्तार कर्मियों के लिए कैंपस में तीन प्रशिक्षण कार्य़क्रम आयोजित किये जिसमें 37 अधिकारियों ने भाग लिया।

### प्रदर्शनी में भागीदारी

- अम्बलवयल, वयनाडु में 9 -14 अगस्त 2017 को कटहल का उत्पादन, मूल्य वर्धन एवं विपणन पर अन्तर्राष्ट्रीय कार्य़शाला के संदर्भ में प्रदर्शनी।
- कार्षिक मेला (हरितम) के संदर्भ में सुरभि ओडिटोरियम, पेराम्ब्रा में 22-23 अगस्त 2017 को प्रदर्शनी।
- अन्तर्राष्ट्रीय सिम्पोसिया तथा आई सी ए आर-आई आई एच आर सुवर्ण जुबिली समारोह के संदर्भ में आई सी ए आऱ-आई आई एच आर, बैंगलूरू में 4-8 सितम्बर 2017 को प्रदर्शनी।

### आई टी एम - बी पी डी इकाई

भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड में 11-13 सितम्बर 2017 को संपन्न हुए क्षेत्रीय विशेषज्ञ परामर्श बैठक " सार्क राष्ट्रों में मसाला फसलों का तकनीकी साझाकरण" के सन्दर्भ में लिंगा केमिकल्स, तमिल नाडु द्वारा उत्पादित काली मिर्च तथा इलायची सूक्ष्म पोषण मिश्रण को दो ब्रैन्डों जैसे माइक्रोनोल तथा ग्रोविन को डा. पी. राजेन्द्रन, माननीय उप कुलपति, केरल कृषि विश्व विद्यालय, तथा डा. होमी चेरियान, निदेशक, मसाला एवं सुपारी विकास निदेशालय द्वारा लोकार्पण किया गया।



डा. पी. राजेन्द्रन, माननीय उप कुलपति, केरल कृषि विश्व विद्यालय, तथा डा. होमी चेरियान, निदेशक, मसाला एवं सुपारी विकास निदेशालय द्वारा काली मिर्च तथा इलायची सूक्ष्म पोषण मिश्रण का लोकार्पण।

बी पी डी इकाई बडी मात्रा में रोग मुक्त बीज सामग्रियों का उत्पादन करने के लिए ग्रो बैग में एक ही मुकुल वाले बीजों या प्रो-ट्रै बीज पौधों को लगाकर अदरक के विमोचित प्रजातियों के केन्द्रक बीज प्रकन्दों का उत्पादन करने लगे।



ग्रो बैग में अदरक के रोग मुक्त केन्द्रक बीज प्रकन्दों का उत्पादन

# सफल कहानी

### उन्नत कुरकुमिन वाले हल्दी को उन्नत मूल्य

कुरकुमिन के आधार पर हल्दी का मूल्य बढने से तथा कई कंपनियां कुरकुमिन अधिक वाले हल्दी को अधिक मूल्य देने से कई हल्दी किसान अधिक कुरकुमिन वाले हल्दी जैसे प्रतिभा, प्रगति तथा आलप्पी सुप्रीम को चयन करना चाहते हैं। करनाटक राज्योत्सव पुरस्कार विजेता श्री. सय्यद नासिर अहम्मद, कामराजनगर, करनाटक ऐसे एक किसान है जो प्रतिभा तथा प्रगति प्रजातियों को प्रीमियम कीमत के लिए उगाने पर उसमें उन्नत कुरकुमिन हासिल किया। प्रतिभा तथा प्रगति की उपज 4 टन प्रति एकड (शुष्क) है जिसमें कुरकुमिन की मात्रा क्रमशः 5 तथा 4.85 है। सर्वश्री सामी लाब्स लिमिटड, बैंगलूरू आधारित बहुराष्ट्रीय स्वास्थ्य विज्ञान की एक कंपनी है, जो वर्तमान में श्री. नासिर से न्यूट्रास्यूटिकल, कोस्मटिक एवं औषधीय उपज के लिए हल्दी लिया जा रहा है।




श्री सय्यद नासिर अहम्मद कामराजनगर में अपनी प्रतिभा प्लोट में

श्री. नासिर कहते हैं कि कंपनी हल्दी को प्रीमियम कीमत का ओफर करते हैं तथा जिसमें 3.2% से अधिक कुरकुमिन भी है। उसे प्रतिभा तथा प्रगति के लिए प्रति कि. ग्राम 120 रुपए मिलता है। प्रगति परिपक्व होने के लिए 180 दिन काफी है मगर प्रतिभा के लिए 200 - 210 दिन चाहिए। प्रति एकड हल्दी खेती करने के लिए 1.40 लाख रुपए खर्च होते हैं तथा प्रति कि. ग्राम 120 रुपए ओफर मूल्य के साथ 4 मेट्रिक टन के लिए 4.80 लाख रुपए प्राप्त होते हैं। श्री सय्यद नासिर अहम्मद परंपरागत रूप से एक प्रगामी किसान है तथा वर्तमान में उसके पास 50 एकड भूमि है। हल्दी के अलावा, वह खीरा, केला, सुपारी आदि की भी खेती करते है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र

### अग्र पंक्ति प्रदर्शनी

उच्च उत्पादन क्षमता वाले हल्दी प्रजाति आई आई एस आऱ प्रगति की अग्र पंक्ति प्रदर्शनी तथा स्वस्थ अदरक बीजों के उत्पादन पर प्रदर्शनी की भी किसानों के खेत में प्रगति हो रही है।


गुणवत्ता अदरक बीजों के उत्पादन पर अग्र पंक्ति प्रदर्शनी

### प्रशिक्षण कार्यक्रम

किसानों, ग्रामीण युवकों एवं महिलाओं के लिए कुल 31 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जिसमें 1086 लोगों ने भाग लिया। विभिन्न विषयों जैसे मसाला तथा रोपण फसलों की जी ए पी, बागवानी फसलों के उत्पादन तकनीकियों में नई प्रगतियां, फल एवं मसालों का मूल्य वर्धन, मृदा स्वास्थ्य सुधार एवं मृदा परीक्षण का प्राधान्य, नारियल एवं उसके अन्तर फसलों में आई पी डी एम आदि किसानों के लिए आयोजित किये। पौधशाला गठन एवं प्रबन्धन पर जिला के विभिन्न भागों में प्रशिक्षण सीरीज़ के अलावा पौध संवर्धन तकनीकियां, आलंकारिक मच्छलियों का प्रजनन एवं संवर्धऩ पर शुल्काधिष्ठित प्रशिक्षण भी आयोजित किये गये।

### अन्य विस्तार कार्यक्रम

विश्व मधु दिवस (19 अगस्त 2017) : स्कूल छात्रों तथा पूर्व प्रशिक्षुओं के लिए मधुमक्खी पालन पर एक अभिज्ञान कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कुल 85 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मधु उत्पादन एवं विपणन से जुडे किसान-उत्पादक दल का गठन किया गया।


कृषि विज्ञान केन्द्र में मधुमक्खी अभिज्ञान कार्यक्रम

### प्रकाशन

प्रस्तुत अवधि में पांच शोध पत्र, पुस्तक के लिए एक पाठ, 15 लोकप्रिय लेख आदि प्रकाशित किये। इसके अलावा एक लेख को राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया।


*पीएच.डी उपाधी*

| नाम | थीसीस का शीर्षक | विश्वविद्यालय | मार्गदर्शक |
|---|---|---|---|
| सुश्री प्रमीला टी. पी. | स्टडीस ओन बायोवार स्पेसिफिक डायग्नोस्टिक्स फोर रालस्टोनिया सोलानसीरम यबुची (स्मिथ) इनफेक्टिंग जिंजर (ज़िंजीबर ओफीशनेले) एण्ड इवालुवेशन ओफ एपोप्लास्टिक माइक्रोब्स फोर बायोकन्ट्रोल | मंगलूर विश्वविद्यालय | डा. आर सुशीला भाय |
| सुश्री रोसाना ओ. बी. | आईडन्टिफिकेशन एण्ड सीक्वन्सिंग ओफ नोवल टारजट जीन्स इन बरोयिंग नेमटोड (रैडोफोलस सिमिलिस) एण्ड डोकिंग स्टडीस विथ नेचुवरली ओकरिंग कोम्पाउण्ड्स | मंगलूर विश्वविद्यालय | डा. सन्तोष जे. ईपन |

*पीएच.डी. शोध पत्र*

| छात्र | विषय | विश्वविद्यालय | मार्गदर्शक |
|---|---|---|---|
| सुश्री. धीष्मा के. पी. | स्टडीस ओन सीड ट्रान्स्मिशन एण्ड जीनोम सीक्वन्सिंग ओफ पाइपर येल्लो मोटिल वाइरस इनफेक्टिंग ब्लैक पेप्पर (पाइपर नाइग्रम एल.) | कण्णूर विश्व विद्यालय | डा. ए. ईश्वर भट्ट |





### *एम. एससी. शोध पत्र*

| छात्र | विषय | विश्वविद्यालय | मार्गदर्शक |
|---|---|---|---|
| सुश्री. आतिरा पवित्रन | संभरण के सन्दर्भ में अदरक स्क्वाष की गुणवत्ता का मूल्यांकन | महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कोट्टयम | डा. ई. जयश्री |
| सुश्री. रितु सूसन्ना के. | शेल्फ लाइफ इवेलुएशन ओफ रडी टु सर्व कोकुम ज्यूस | महात्मा गांधी विश्वविद्यालय कोट्टयम | डा. ई. जयश्री |

### *नई नियुक्ति*

| नाम | पद | दिनांक |
|---|---|---|
| सुश्री. नीतु ऐसक | कनिष्ठ शोध छात्र (कम्प्यूटर साइन्स) डी आई एस सी | 12.07.2017 |

### *प्रशिक्षण में भागीदारी*

| नाम | कार्यक्रम | संस्थान | अवधि |
|---|---|---|---|
| श्री. मुरलीधरन पी.<br>सहायक प्रशासनिक अधिकारी | सरकारी ई-विपणन स्थान (जी ई एम) | राष्ट्रीय वित्त प्रबन्धन संस्थान (एन आई एफ एम) फरीदाबाद | 21-22 अगस्त 2017 |
| श्री. वी. वी. सय्यद मोहम्मद<br>सहायक | | | |

### *स्थानान्तरण*

| नाम | पदनाम | किस कार्यालय से | किस कार्यालय को |
|---|---|---|---|
| डा. टी. के. जेकब | प्रधान वैज्ञानिक | आई सी ए आर-आई आई एस आर मुख्यालय | प्रायोगिक प्रक्षेत्र पेरुवण्णामुषि |
| डा. वी. एस. शिवकुमार | वैज्ञानिक | आई सी ए आर-आई आई एस आर मुख्यालय | प्रायोगिक प्रक्षेत्र पेरुवण्णामुषि |
| डा. वी. ए. मुहम्मद निस्सार | वैज्ञानिक | आई सी ए आर-आई आई एस आर मुख्यालय | प्रायोगिक प्रक्षेत्र पेरुवण्णामुषि |
| डा. सी. सेल्ल पेरुमाल | वैज्ञानिक | आई सी ए आर-आई आई एस आर मुख्यालय | प्रायोगिक प्रक्षेत्र पेरुवण्णामुषि |
| डा. के अनीस | वैज्ञानिक | आई सी ए आर-आई आई एस आर मुख्यालय | प्रायोगिक प्रक्षेत्र पेरुवण्णामुषि |
| डा. बालाजी एम. राजकुमार | वैज्ञानिक | आई सी ए आर-आई आई एस आर मुख्यालय | आई सी ए आर-आई आई एस आर क्षेत्रीय स्टेशन, अप्पंगला |

### *सेवानिवृत्ति*

| नाम | पद | दिनांक |
|---|---|---|
| सुश्री. शारदा वी. पी.  | सहायक कर्मचारी<br>(प्रायोगिक प्रक्षेत्र पेरुवण्णामुषि) | 30.09.2017 |

### *त्यागपत्र*

| नाम | पद | दिनांक |
|---|---|---|
| सुश्री. शरण्या बालू | वरिष्ठ शोध छात्र एच वी सी | 31.07.2017 |

भाकृअनुप ICAR

हर कदम, हर डगर
किसानों का हमसफर
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
Agrisearch with a human touch

## मसाला समाचार

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीन
भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान कोषिक्कोड - 673012
(केरल), भारत दूरभाष: 0495 2731410, फेक्स: 0495 2731187

**प्रकाशक**
डा. के. निर्मल बाबू
निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान कोषिक्कोड़

**संपादक**
डा. लिजो तोमस
डा. नरेन्द्र चौधरी
एन. प्रसन्नकुमारी

**आवरण डिजाइन और लेआउट**
सैयद अली अनवर

**छाया चित्र**
ए. सुधाकरन

नोटः पीडीएफ संस्करण वेब साइट http://www.spices.res.in/newsletter/index.php पर भी उपलब्ध है।